राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 101/2024

राज्यपाल ने स्व० सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया

पटना, 18 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने माँ वैष्णो सेवा समिति द्वारा माँ ब्लड सेंटर दरियापुर, पटना में आयोजित बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व० सुशील कुमार मोदी जी की श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व० सुशील कुमार मोदी पूरी तरह राष्ट्र एवं समाज के लिए समर्पित थे। अपना तन, मन और जीवन समर्पित करने के बाद भी उनकी चाहत थी कि वे समाज के लिए और भी कुछ करें। वे लोगों को मार्गदर्शन देने एवं मदद करने के साथ–साथ उन्हें आश्वस्त भी करते थे कि वे हमेशा उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी सहित अन्य संस्थाओं को भी काफी सहयोग दिया। वे मानवता की सेवा के लिए सतत प्रयत्नशील रहते थे। उनका निधन अत्यन्त पीड़ादायक है। उनके कार्यों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर माँ वैष्णो सेवा समिति के अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह, कोषाध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल, स्व० सुशील कुमार मोदी जी के परिजन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....